हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

बागडोगरा हवाई अड्डे के पास विमानन सेवा सुविधा (एएसएफ) के निर्माण हेतु लीज पर जमीन की आवश्यकता

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए बागडोगरा हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार से 3 किलोमीटर के भीतर अपनी विमानन सेवा सुविधा स्थापित करने के लिए पूर्ण और अनन्य मालिकों या सह-मालिकों से पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर 15 साल की न्यूनतम अवधि के लिए तथा आगे नवीकरण के विकल्प के साथ भूमि के लीज़ पर हस्तांतरण के लिए दो बोली प्रणाली अर्थात क) तकनीकी बोली, ख) वित्तीय बोली में मुहरबंद प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदक को प्रस्तावित भूमि में रुचि रखने वाले अन्य सह-मालिकों या पार्टियों से कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

पार्टियां जिन्होंने इस विज्ञापन के जारी होने की तारीख से पहले जमीन के वर्तमान कब्जे वाले मालिकों के साथ बिक्री के लिए पंजीकृत समझौता किया है, वो भी आवेदन कर सकते हैं।

क्रमांक	स्थान (सीमाएँ)	न्यूनतम भूमि का आकार (वर्ग मीटर)	न्यूनतम अग्रभाग (मीटर में)	न्यूनतम गहराई (मीटर में)
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(च)
1	बागडोगरा हवाई अड्डे के पास, (बागडोगरा हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार से 3 किलोमीटर के भीतर), पश्चिम बंगाल	1500	30	35

कृपया निम्नलिखित पर ध्यान दें :

1. राष्ट्रीय राजमार्ग पर दी जाने वाली भूमि भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के दिनांक 17.10.03 / 25.09.03 के पत्र संख्या RW / NH - 33023 19/99 - DO-III और आगे के संशोधन, यदि कोई हो, में निहित एनएचएआई के दिशानिर्देशों को पूरा करेगी।
2. संपत्ति का एक स्पष्ट और विपणन योग्य शीर्षक होना चाहिए।
3. भूमि के पास तेल ईंधन टैंकरों और ईंधन भरने के उपकरणों के आने जाने के लिए सार्वजनिक सड़क तक पर्याप्त लंबाई और चौड़ाई का पहुँच मार्ग होना चाहिए।
4. बोलीदाता सभी सांविधिक मंजूरी जैसे कि शहरी भूमि सीमा, गैर-कृषि अनुमति, आयकर भुगतान, गैर-भार प्रमाणपत्र प्रमाण पत्र आदि की व्यवस्था करेंगे।
5. बिजली और पानी के कनेक्शन की उपलब्धता वाली भूमि को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. लीज डीड के पंजीकरण के समय चेक द्वारा भुगतान किया जाएगा।

7. संयुक्त मालिकों के मामले में, या यदि पूरी भूमि एक मालिक से संबंधित नहीं है, तो मालिकों का समूह जिनके पास एक-दूसरे से जुड़े प्लॉट हैं और हमारी आवश्यकता को पूरा करते है उनमें से एक के माध्यम से प्रस्ताव रख सकते है जिसके पास दूसरों के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी हो।
8. गैर-कृषि रूपांतरण वाली भूमि, विशेष रूप से वाणिज्यिक रूपांतरण वाली भूमि को प्राथमिकता दी जाएगी। जो लोग कृषि भूमि की पेशकश करते हैं, वे लीज डीड के पंजीकरण से पहले अपने स्वयं के खर्च और लागत पर एविएशन टर्बाइन ईंधन के भंडारण और अन्य संबद्ध प्रयोजनों के लिए के लिए उसे गैर-कृषि / वाणिज्यिक भूमि में परिवर्तित करेंगे।
9. पट्टे के लिए प्रस्तावित भूमि स्पष्ट रूप से विभाजित होनी चाहिए और शीर्षक दस्तावेज / खतौनी / खसरा या राजस्व अधिकारी से अन्य किसी समकक्ष दस्तावेज या प्रमाण पत्र में यह स्पष्ट रूप से इंगित होना चाहिए और इसकी पुष्टि होना चाहिए।
10. प्रस्तावित साइट को सड़क स्तर पर लाने के लिए रिटेनिंग दीवार/ह्यूमी पाइप/पुलिया इत्यादि की लागत सहित जमीन भरने / कटौती की एचपीसीएल द्वारा अनुमानित लागत पर बोली के व्यावसायिक मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा।
11. ग्रीन बेल्ट के तहत आने वाली भूमि पर विचार नहीं किया जाएगा।
12. ब्रोकर / प्रॉपर्टि डीलर आवेदन न करे।
13. भूमि ओवरहेड पावर ट्रांसमिशन लाइनों / उत्पाद, पानी की पाइपलाइनों / नहरों / जल निकासी / नालों / सार्वजनिक सड़क / रेलवे लाइन आदि से मुक्त होनी चाहिए।
14. एचपीसीएल डाक / कूरियर द्वारा भेजे गए दस्तावेजों की देरी, हानि या गैर-प्राप्ति के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेती है। प्राप्त कोटेशन केवल प्रस्ताव हैं और यह एचपीसीएल को किसी भी तरह से बाध्य नहीं करते हैं।
15. ऑफर दो अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में दो बोली प्रणाली के में निम्न अनुसार प्रस्तुत किए जाने चाहिए:

क) तकनीकी बोली :

दस्तावेज के साथ, यदि कोई हो तो, ऑफर की गई भूमि का विवरण, सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर के साथ एक सीलबंद लिफाफे में रखा होना चाहिए जिसपे स्पष्ट रूप से "तकनीकी बोली" अंकित होना चाहिए। तकनीकी बोली में प्रस्तावित मूल्य का कोई संदर्भ नहीं होना चाहिए।

बोलीदाता द्वारा निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत किया जाना चाहिए :

1. आवेदक का नाम पूर्ण पते और संपर्क नंबर के साथ
2. भूस्वामी(मियों) का नाम
3. संपत्ति का विवरण दिखाते हुए मुख्य योजना
4. प्लॉट के आयाम के साथ बिक्री के लिए पेश किया गया क्षेत्र।
5. 7/12 उद्धरण या इसके समतुल्य अर्थात खतौनी, जमाबंदी, खसरा, गिरदावनी, चिट्टा, आदि और भूमि के स्वामित्व को स्थापित करने के लिए शीर्षक विलेख अर्थात बिक्री विलेख, लिंक दस्तावेजों के साथ पट्टा।

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

6. पावर ऑफ अटॉर्नी धारकों को पंजीकृत पावर ऑफ अटॉर्नी की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। मद (v) और (vi) में निर्धारित दस्तावेजों के बिना प्राप्त प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

ख) वित्तीय बोली :

वित्तीय बोली में रु ...... प्रति वर्ग मीटर में अपेक्षित मूल मासिक किराया वृद्धि के साथ कोई हो लिखा होना चाहिए।

वित्तीय बोली को एक अलग सीलबंद लिफाफे में रखा जाना चाहिए और उस पर 'वित्तीय बोली' लिखा होना चाहिए।

16. तकनीकी और वित्तीय बोली दोनों के सीलबंद लिफाफों को एक तीसरे लिफाफे अंदर रखना चाहिए जिसके ऊपर "**बागडोगरा हवाई अड्डे के प्रवेश से 3 किलोमीटर के भीतर विमानन सेवा सुविधा की स्थापना हेतु भूमि का प्रस्ताव**" अंकित होना चाहिए।
17. बोली लगाने वाले को पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर आगे नवीकरण के विकल्प के साथ न्यूनतम 15 वर्षों के लिए पट्टे पर भूमि की पेशकश करनी चाहिए।
18. प्रस्तुत प्रस्ताव नियत समय से 180 दिनों की अवधि अथवा पारस्परिक रूप से स्वीकृत किसी विस्तारित अवधि के लिए वैध होना चाहिए।
19. एचपीसीएल कोई भी कारण बताए बिना, अपने विवेकाधिकार से इस विज्ञापन को रद्द करने, वापस लेने, संशोधन करने, नियत तिथियों को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
20. प्रस्तावों की प्राप्ति की नियत तिथि और समय दिनांक 23/07/2019 को दोपहर 3 बजे तक नीचे दिए गए कार्यालय के पते पर होगी।

नियत तारीख और समय के बाद प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

तकनीकी बोली को दिनांक 23/07/2019 को दोपहर 4 बजे खोला जाएगा। इच्छुक बोलीकर्ता तकनीकी बोली खोलने के समय उपस्थित हो सकते हैं।

कार्यालय का पता:
मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक- रिटेल क्षेत्रीय कार्यालय
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
सिलीगुड़ी रिटेल क्षेत्रीय कार्यालय, दूसरी मंजिल, होम लैंड बिल्डिंग
चयनपारा, 3 मील, सेवोके रोड,
सिलीगुड़ी, 734008